# रस्किन बॉन्ड को साहित्य अकादमी की फेलोशिप

नई दिल्ली। प्रख्यात अंग्रेजी लेखक रस्किन बॉन्ड को शनिवार को उनके मसूरी स्थित घर पर प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी फेलोशिप से सम्मानित किया गया। सितंबर 2021 में बॉन्ड को अकादमी के सर्वोच्च सम्मान के लिए नामित किया गया था, लेकिन उनके खराब स्वास्थ्य के कारण उन्हें व्यक्तिगत रूप से सम्मान नहीं दिया जा सका।

अकादमी ने एक बयान में कहा कि साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक और सचिव के श्रीनिवासराव ने बॉन्ड को उनके घर पर सम्मानित किया। 19 मई 1934 को हिमाचल प्रदेश के कसौली में जन्मे बॉन्ड 50 से अधिक वर्षों से सक्रिय रूप से लिख रहे हैं।